दिनांक 17 मई 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

शिविर में निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे एवं एमआईसी मेंबर संदीप निरंकारी ने खुद बैठकर लोगों की समस्याओं का किया समाधान, रुके हुए पेंशन को बहाल करने कुछ हितग्राहियों ने किया आवेदन, अगले माह से इन्हें मिलने लगेगा पेंशन, जन समस्या निवारण शिविर में लोगों की सुनी जा रही है समस्याएं हो रहा है त्वरित निराकरण

भिलाई नगर/ नगर निगम के महापौर नीरज पाल के निर्देश पर जन समस्या निवारण शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज वार्ड क्रमांक 5 कोसा नगर के सांस्कृतिक भवन में लोग बड़ी संख्या में अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन करने पहुंचे थे। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे एवं एमआईसी मेंबर तथा स्थानीय वार्ड पार्षद संदीप निरंकारी इस दौरान लोगों की समस्याएं सुन रहे थे और त्वरित निराकरण योग्य आवेदनों का निराकरण कर रहे थे। आवेदन करने के लिए कुछ पेंशन के हितग्राही बबली कोरी , सुशीला देवी, ललिता गायकवाड, शांति बाई विश्वकर्मा एवं चंपा बाई भी शिविर में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि कुछ समय से उन्हें पेंशन प्राप्त नहीं हो रहा है इसके लिए शिविर में आवेदन देने पहुंचे हैं , निगम आयुक्त के निर्देश और एमआईसी मेंबर की सक्रियता से इन सभी को अगले माह से पेंशन मिलना प्रारंभ हो जाएगा , यह सभी हितग्राही विधवा पेंशन , सुखद सहारा पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन को लेकर शिविर में पहुंचे थे। शिविर में पानी , सफाई, पेंशन, बिजली, पट्टा आदि समस्याओं को लेकर लोगों के द्वारा आवेदन किया जा रहा है। ऐसे आवेदन जो त्वरित निराकरण योग्य हैं उनका समाधान शीघ्रता के साथ किया जा रहा है। कोसा नगर के अलावा आज वैशाली नगर संस्कृतिक भवन , संतोषी पारा कैंप 2 वार्ड कार्यालय, वार्ड क्रमांक 41 औद्योगिक क्षेत्र छावनी के सामुदायिक भवन एवं सेक्टर 5 वार्ड क्रमांक 60 के सत् विजय ऑडिटोरियम में शिविर का आयोजन किया गया था जहां बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन किया और निराकरण योग्य शिकायतों का अधिकारियों ने समाधान किया। 18 मई को इन वार्ड क्षेत्रों में लगेगा जन समस्या निवारण शिविर 18 मई दिन बुधवार को वार्ड क्रमांक 6 प्रियदर्शनी परिसर पश्चिम के संजय नगर शीतला मंदिर में, वार्ड क्रमांक 21 कैलाश नगर कुरूद के सियान सदन में, वार्ड क्रमांक 34 वीर शिवाजी नगर वार्ड के दुर्गा मंच शर्मा कॉलोनी में, वार्ड क्रमांक 42 गौतम नगर के मदरसा रोड सामुदायिक भवन में एवं वार्ड क्रमांक 61 सेक्टर 6 पूर्व के लिए नगर निगम कार्यालय सेक्टर 6 में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।